हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 17 सितंबर 2025



04 नपाई के दौरान मिले 22 अतिक्रमण नोटिस जारी...



08 900 किसान खाली हाथ वापस गए 215 किसानों को...



## खबर संक्षेप

### जिला सत्र न्यायाधीश ने किया जेल का निरीक्षण

**नर्मदापुरम।** मंगलवार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृप्ति शर्मा द्वारा केन्द्रीय जेल नर्मदापुरम् खण्ड-अ एवं खण्ड-ब का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बंदी वार्डों, पाकशाला, जेल में संचालित स्कूल एवं जेल उद्योग का सघन निरीक्षण किया गया तथा बंदियों से उनके स्वास्थ्य, प्रकरणों एवं जेल में उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं के संबंध में चर्चा की गई। जेल अधीक्षक संतोष सोलंकी ने इस अवसर पर जेल में बंदियों हेतु किए जा रहे सकारात्मक कार्यों एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों की जानकारी दी।

### शिविर में हुई महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच

**नर्मदापुरम।**17 सितंबर को मध्यप्रदेश से' स्वस्थ नारी सशक्त परिवार' अभियान का शुभारंभ करेंगे। इस अवसर पर नर्मदापुरम जिले भर में 170 से अधिक महिला स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे। इन शिविरों में महिलाओं को मुफ्त जांच, परामर्श और इलाज की सुविधा दी जाएगी। सीएमएचओ डॉ नरसिंह गेहलोत ने बताया कि अभियान का फोकस मातृ शिशु स्वास्थ्य, पोषण, गैर-संचारी रोगों की स्क्रीनिंग और टीबी उन्मूलन पर रहेगा।

### जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित

# शांति, सद्भाव और सौहार्द के साथ होगा सभी त्योहारों का आयोजन: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

आगामी त्यौहारों को देखते हुए कलेक्टर ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में शांति समिति की बैठक आयोजित की। इस दौरान उन्होंन निर्देश दिए।

मंगलवार को आगामी त्यौहारों पर कानून व्यवस्था के संबंध में कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर सोनिया मीना ने जिला स्तरीय शांति समिति की अध्यक्षता करते हुए सभा कक्ष में उपस्थित समस्त समिति सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि जिला शांत एवं आपसी सद्भाव में विश्वास रखना वाला जिला है। उन्होंने कहा कि पूर्व में सभी पर्वों एवं त्योहार का आयोजन जिस आपसी भाईचारे एवं सद्भाव के साथ करते हुए आए हैं आशा है कि आगामी दिनों में आने वाले त्योहारों एवं पर्वों को भी आपसी सद्भाव एवं सौहार्द के साथ मनाया जायेगा। सभी समिति सदस्य जिले में अमन शांति एवं कानून व्यवस्था को चाक चौबंद रखने में अपना सहयोग अवश्य प्रदान करेंगे।




### नगर में स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जाये

कलेक्टर ने नगर पालिका को निर्देश दिए कि आगामी सभी पर्वों पर स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाए। त्योहारों के दौरान पेयजल, विद्युत आपूर्ति की भी बेहतर व्यवस्था रहें। उन्होंने कहा कि आगामी त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए नगर पालिका एवं लोक निर्माण विभाग सड़कों का पेचवर्क करवाए। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि आगामी त्योहारों एवं पर्वों के दौरान जिस रूट पर चल समारोह एवं जुलूस के लिए निर्धारित है उन पर आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

### पानी की तलाश में घूम रहे हैं वन्य प्राणी

कलेक्टर ने शहर में सुचारू ट्रैफिक आवागमन के लिए सिटी मजिस्ट्रेट, सीएमओ एवं यातायात डीएसपी कार्ययोजना तैयार करें। उन्होंने निर्देश दिए कि सलकनपुर जाने वाले यात्रियों की सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस एवं यातायात विभाग निगरानी रखें। साथ ही कलेक्टर ने कहा कि आगामी दिनों में गरबा आयोजनों की संपूर्ण जानकारी संबंधित अनुविभागीय अधिकारी एवं थाने में अवश्य उपलब्ध कराई जाए एवं आयोजन स्थलों पर पर्याप्त मात्रा में महिला पुलिस सहित पुलिस बल तैनात रहे। वहीं आयोजनों के दौरान डीजे के उपयोग के लिए गाइडलाइन जारी की जाए। साथ ही अनुमत्य सीमा के अनुसार लाउड स्पीकर का उपयोग हो, संबंधित अधिकारी यह भी सुनिश्चित करे। कलेक्टर ने स्पष्ट रूप से निर्देश दिए कि विद्युत विभाग शहर में निरीक्षण कर अव्यवस्थित विद्युत पोल, तारों आदि को व्यवस्थित करने की कार्यवाही करें। कलेक्टर ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग का अमला भी उचित व्यवस्था बनाए ताकि स्थिति से निपटा जा सके।

### इन पर्वों पर रहेगी व्यवस्था

कलेक्टर ने बताया कि जिले में आगामी प्रमुख पर्व में नवरात्र, विजयदशमी, गांधी जयंती, शास्त्री जयंती, शरद पूर्णिमा, स्नान दान व्रत पूर्णिमा, महर्षि वाल्मीकि जयंती, धनतेरस, दीपावली, स्नान दान श्राद्ध अमावस्या, छठ पूजा, मध्य प्रदेश स्थापना दिवस, देवउठनी ग्यारस, गुरु नानक जयंती, बिरसा मुंडा जयंती आदि पर्व मनाए जायेंगे। कलेक्टर ने निर्देश दिए की दीपावली पर्व पर लगने वाले बाजार के लिए सभी एसडीएम को निर्देश जारी किए जाएं।

# पंचायत सचिव ने ट्रेने से कटकर की आत्महत्या, मर्ग कायम

### रिश्तेदारों पर लगाया प्रताड़ना का अरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम जिले के केसला ब्लॉक के झुनकर पंचायत सचिव ने ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली। उनका शव नर्मदापुरम-इटारसी रेलवे ट्रैक पर मिला, जिसके पास से एक सुसाइड नोट बरामद हुआ है। नोट में उन्होंने जमीनी विवाद में 10 लाख रुपए के लेनदेन को लेकर दो रिश्तेदारों द्वारा प्रताड़ित किए जाने की बात लिखी है।

यह घटना दो दिन पहले, 14 सितंबर की रात को हुई। मंगलवार को इटारसी थाना पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान ओमप्रकाश उर्फ मोनू बड़कुर (45) के रूप में हुई है, जो देहरी जुझारपुर के निवासी थे और झुनकर ग्राम पंचायत में सचिव थे।उनका शव रविवार शाम 6:30 बजे रेलवे ट्रैक पर खंबा नंबर 748/15 के पास मिला था। रेलकर्मी की सूचना पर इटारसी थाने से एसआई जीएस रघुवंशी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मुआयना किया।



पुलिया के पास सचिव का मोबाइल, बैग और बाइक खड़ी मिली। पुलिस ने दस्तावेजों और मोबाइल के जरिए परिजनों से संपर्क किया, जिसके बाद भतीजे संजय समेत अन्य लोगों ने शव की पहचान की। थाना प्रभारी गौरव सिंह बुंदेला ने बताया कि पंचायत सचिव की पेंट की जेब से एक सुसाइड नोट मिला है, जिसमें उन्होंने 10 लाख रुपए के लिए परेशान करने और दो रिश्तेदारों द्वारा प्रताड़ित किए जाने का उल्लेख किया है। टीआई ने बताया कि पत्र की जांच की जाएगी और हैंडराइटिंग का मिलान कराया जाएगा। परिजनों के शोकाकुल होने के कारण अभी तक उनके बयान नहीं लिए जा सके हैं। मंगलवार को घटनास्थल का विवेचक ने मुआयना किया।

# अब तक हुई अवधि में हुई थी 1293.1 मिमी औसत वर्षा दर्ज


हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले में 1293.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज हुई है। गत वर्ष इसी अवधि में 1198.2 मिलीमीटर औसत वर्षा हुई थी। अधीक्षक भू-अभिलेख नर्मदापुरम ने बताया है कि 15 सितम्बर से 16 सितम्बर 2025 को प्रातः 8 बजे तक तहसील नर्मदापुरम में 14.1 मिलीमीटर, सिवनीमालवा में 2.0 मिलीमीटर, इटारसी 0.0 मिलीमीटर, माखननगर में 0.0 मिलीमीटर, सोहागपुर में 51.0 मिलीमीटर, पिपरिया में 0.0 मिलीमीटर, बनखेड़ी में 8.6 मिलीमीटर, पचमढ़ी में 15.8 एवं तहसील डोलरिया 0.0 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है। वर्तमान में सेठानी घाट का जलस्तर 941.70 फीट है, तवा जलाशय का 1166.30 फीट है, बरगी जलाशय का 422.25 मीटर एवं बारना जलाशय 348.55 मीटर दर्ज किया गया है। उल्लेखनीय है सेठानी घाट का अधिकतम जल भराव 967.00 फीट है, तवा जलाशय का अधिकतम जल भराव 1166.00 फीट है, बरगी जलाशय का जल भराव 422.76 मीटर है तथा बारना जलाशय का अधिकतम जल भराव 348.55 मीटर है।

# नर्मदा जल पर 1650 दिनों के तपस्वी दादा गुरु का इटारसी में आगमन 20 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

आध्यात्मिक और पर्यावरणीय चेतना के प्रतीक, दादा गुरु, का इटारसी में प्रथम आगमन होने जा रहा है। 20 सितंबर, शनिवार को दोपहर 3 बजे, दादा गुरु का स्वागत और अभिनंदन द्वारकाधीश तुलसी चौक बड़ा मंदिर में किया जाएगा। यह एक ऐसा अवसर है जो न केवल आध्यात्मिक महत्व रखता है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति उनके समर्पण को भी दर्शाता है।



दादा गुरु अपनी कठोर तपस्या के लिए पूरे देश में जाने जाते हैं। उन्होंने 1650 से अधिक दिनों से केवल नर्मदा नदी के जल पर जीवित रहने का संकल्प लिया है। उनकी इस अविश्वसनीय तपस्या ने कई लोगों को आश्चर्यचकित किया है। वे पिछले 37 महीनों से केवल नर्मदा जल का सेवन कर रहे हैं और इस दौरान 3800 किलोमीटर की पैदल नर्मदा यात्रा भी पूरी कर चुके हैं। उनकी इस तपस्या का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और नर्मदा नदी को बचाने के लिए जागरूकता फैलाना है। डॉक्टरों ने उनके स्वास्थ्य पर शोध किया है और पाया है कि उनका शरीर विज्ञान और रोग प्रतिरोधक क्षमता (इम्यून सिस्टम) सामान्य है, जो उनकी तपस्या की अद्भुत शक्ति को प्रमाणित करता है।

दादा गुरु के इटारसी आगमन को लेकर शहरवासियों में खासा उत्साह है। यह पहला मौका है जब वे इटारसी आ रहे हैं, और उनके दर्शन और मार्गदर्शन प्राप्त करने के लिए बड़ी संख्या में लोग जुटेंगे। उनके स्वागत के लिए विशेष तैयारियां की जा रही हैं।

### कृषि सखियों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ

**नर्मदापुरम।** कृषि विज्ञान केंद्र, गोविंदनगर में 16 से 20 सितम्बर 2025 तक राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के अंतर्गत विकासखंड बनखेडी, पिपरिया एवं सोहागपुर की चयनित कृषि सखियों हेतु पाँच दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। यह प्रशिक्षण डॉ. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम सभागार में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में नायब तहसीलदार बनखेडी अंजू लोधी उपस्थित रहीं।

# मां नर्मदा के घाटों पर चलेगा स्वच्छता अभियान आज से

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नपा द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर स्वच्छता पखवाड़ा की शुरूआत मां नर्मदा के सेठानीघाट से करेगी। इस दौरान कोरीघाट से लेकर मंगलवारा घाट तक नप के पार्षदगण, नगरपालिका के अधिकारी कर्मचारी, स्वयंसेवी संगठन और आम नागरिक शामिल होंगे। स्वच्छता निरीक्षक अनुराग तिवारी ने बताया कि नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर आज से स्वच्छता सेवा पखवाड़ा अभियान की शुरू की जा रही है। इस दौरान अलसुबह से ही वार्डों में पार्षदगणों के साथ स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। 9 बजे से 10 बजे तक मां नर्मदा के सेठानीघाट से स्वच्छता सेवा पखवाड़ा का शुभारंभ माननीय जनप्रतिनिधिगणों द्वारा किया जाएगा। इसके साथ ही मालाखेड़ी एचएसटीपी प्लांट पर 11 बजे पौधरोपण कार्यक्रम होगा। साथ ही वहां पर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं सीएमओ हेमेश्वरी पटले द्वारा सभी से अभियान में सहायोग की अपील की।

# मंगलवार को अपर कलेक्टर ने किया जन समस्याओं का निराकरण, आए 88 आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में अपर कलेक्टर राजीव रंजन पांडे ने जनसुनवाई कक्ष में कुल 88 आवेदकों की समस्याओं की सुनवाई कर उनका समाधान किया। मंगलवार को जनसुनवाई में आए आवेदनकर्ता आशीष सराठे ग्वालटोली ने आवेदन देते हुए बताएं कि उनकी सतरास्ते स्थित नगर पालिका द्वारा आवंटित उनकी दुकान के सामने अतिक्रमणकारियों द्वारा ठेला, ऑटो तथा अन्य वाहन खड़े कर दिए जाते हैं जिससे व्यापार प्रभावित होता है एवं आवागमन में परेशानी होती है। अपर कलेक्टर पांडेय ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले को अतिक्रमण हटाने के लिए निर्देशित किया। एक अन्य मामले में ज्योति अहिरवार ग्राम गोल, माखन नगर ने आवेदन देते हुए बताया कि वह जन्म से ही दोनों आंखों से दिव्यांग है एवं किसी भी प्रकार की आर्थिक गतिविधि करने मैं असमर्थ है। उन्होंने शासन की ओर से आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने हेतु आवेदन दिया। श्री पांडे ने सामाजिक न्याय विभाग अधिकारी को नियम अनुसार उचित सहायता प्रदान करने हेतु निर्देशित किया। इसी प्रकार अनीता बाई सिवनीमालवा ने उनके पति की मृत्यु उपरांत मिलने वाली सहायता राशि प्रदाय करने हेतु आवेदन दिया।

# सेठानी घाट पर आज से होगा श्रीरामलीला महोत्सव का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

सवा सौ वर्षों से प्रतिवर्ष सेठानीघाट पर आयोजित होने वाले श्रीरामलीला महोत्सव का आज शुभारंभ होगा। रामलीला के संयोजक प्रशांत मुन्नु दुबे ने बताया कि आज प्रातः बड़े श्रीराम मंदिर में मुकुट पूजन और 18 दिवसीय अनुष्ठान की विधिवत पूजन श्रीराम, माता जानकी जी , लक्ष्मण ,भरत और शत्रुघ्न के पात्रों द्वारा की जावेगी । पश्चात पात्रों सेठानीघाट पर बने विशाल मंच और दशहरा मैदान पर भूमि पूजन होगा। श्रीरामलीला के मंचन में रात्रि ठीक 8 बजे से श्रीशंकर विवाह, नारद मोह की लीला से होगी मंचन की शुरूआत । आयोजन समिति ने श्रद्धालुओं से आग्रह किया कि सेठानीघाट पर आयोजन में शामिल होकर धर्म लाभ अर्जित करें ।



# पुलिस ने यातायात नियमों के उल्लंघन पर वसूला 52 हजार 800 रुपए समन शुल्क

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर पुलिस द्वारा यातायात जागरूकता अभियान अंतर्गत यातायात नियमों का पालन ना करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही की जा रही है। इस दौरान एक पखवाड़े में ही पुलिस ने 50 हजार रुपये से अधिक समन शुल्क ऑन स्पॉट नगद व ऑनलाइन माध्यम से वसूला है।

टीआई ऊषा मरावी एवं एएसआई गणेश राय ने बताया कि तेज गति से वाहन चलाने, बिना हेलमेट पहने दोपहिया वाहन व बिना सीट बेल्ट लगाए चौपहिया वाहन चलाने, नाबालिक द्वारा वाहन चलाने, वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग करने, शराब पीकर वाहन चलाने, ओवर लोडिंग, बिना लाइसेंस, बिना फिटनेस एवं बिना परमिट के वाहन चलाने पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। अभियान में नियमित ही विशेष चेकिंग की जा रही है। बीते एक पखवाड़े में कुल 148 प्रकरणों में 50 हजार 200 रुपये का समन शुल्क नगद एवं 2600 रुपये का समन शुल्क ऑनलाइन वसूला गया है। इस तरह पुलिस ने कुल 52 हजार 800 रुपये का समन शुल्क वसूल किया गया है। सभी यातायात के नियमों का पालन करते हुए स्वयं सुरक्षित रहे,यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।



# लापरवाही बरतने वाले वेंडरों को सूची से हटाने की हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा पीएम सूर्य घर योजना के अंतर्गत सोलर संयंत्र व्याप लापरवाही करने नाले वेंडरों को चयन सूची से हटाने की कार्रवाई की जा रही है। कंपनी द्वारा विगत वर्षों से लगातार वेंडरों को उनके द्वारा स्थापित किये गये सोलर संयंत्र के सभी प्रोजेक्ट्स का मध्यक्षेत्र कंपनी के सर के साथ 100 प्रतिशत कम्युनिकेशन कराये जाने हेतु पत्राचार करने के बावजूद कतिपय तेंडरी द्वारा कंपनी के दिशा-निर्देशों की अवेहलना की जाने पर कंपनी द्वारा उनका पंजीयन निष्क्रिय किया गया है।

मध्य क्षेत्र विद्युुत वितरण कंपनी ने बताया है कि घरेलू उपभोक्ताओं के सोलर संयंत्र स्थापित होने के उपरांत सोलर वेडरों की लापरवाही से मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के सर्वर के साथ कम्यूनिकेशन नहीं होने के कारण कंपनी के मीटर रीडर द्वारा उपभोक्ताओं के परिसर में जाकर मीटर की ऑफलाइन रीडिंग लेने से उपभोक्ताओं में असंतोष के साथ ही रीडिंग में त्रुटि होने की संभावना बनी रहती है। साथ ही योजना के उद्देश्यपूर्ण परिणाम नहीं मिल रहे हैं। इसी के रहिगत कंपनी द्वारा उपरोक्त वेंडरों को पीएम सूर्य घर योजना के पोर्टल पर प्रदर्शित हो रही सूची में से हटाये जाने की कार्यवाही की जा रही है। कंपनी ने सभी विद्युत उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत नवीन आवेदन करने के दौरान हुन नेहरों का चयन न करें। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा लापरवाही बरतने वाले जिन सोलर वेंडरों का पंजीयन निष्क्रिय किया गया है।

### पं. रामलाल शर्मा कॉलेज में हिंदी दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन

# भाषण हिन्दी भाषा के महत्व और कविताएं हिन्दी की सुंदरता और शक्ति को दर्शाती हैं : प्राचार्य प्रिंस जैन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

हमारा देश भारत जो की एक बहुभाषिक एवं बहुसंस्कृति देश है। हमारे देश में वैसे तो सैकड़ो बोलियां और भाषाएं बोली जाती हैं, लेकिन हिंदी का स्थान उन में विशेष है। हिंदी केवल एक भाषा ही नहीं बल्कि हमारी संस्कृति ,एकता और पहचान का प्रतीक भी है। राष्ट्रीय स्तर पर भी हिंदी के महत्व को समझने हेतु हर वर्ष 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाया जाता है। इसी उपलक्ष्य में पंडित रामलाल शर्मा कॉलेज आफ एजुकेशन में हिंदी दिवस पर विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय के सेवानिवृत्त व्याख्याता संतोष व्यास मुख्य वक्त के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का प्रारंभ मुख्य अतिथि एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर प्रिंस जैन द्वारा सरस्वती पूजन कर किया गया। व्यास ने अपने उद्बोधन में हिंदी को अपनी मातृभाषा, राष्ट्रभाषा के रूप में प्रतिष्ठित करने तथा अपनी सभ्यता संस्कृति के संरक्षण की अपील की। साथ ही अपने विद्यार्थियों को अपनी मातृभाषा के रूप में अपनी अपनी जड़ों को मजबूत बनाने को कहा। महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर प्रिंस जैन ने बताया कि भाषण हिन्दी भाषा के महत्व और कविताएं हिन्दी की सुंदरता और शक्ति को दर्शाती हैं।




### व्याख्याता संतोष व्यास का हुआ सम्मान

महाविद्यालय परिवार द्वारा संतोष व्यास का हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में सम्मान किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री संतोष व्यासजी, नर्मदा शिक्षा समिति महाविद्यालय के उपप्राचार्य डॉक्टर संजय गार्गव, समस्त स्टाफ व बी.एड.प्रथम व तृतीय वसेमेस्टर विद्यार्थी उपस्थित रहे।




# हिन्दी दिवस पर नर्मदा कालेज में हुई स्लोगन प्रतियोगिता



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय नर्मदा कॉलेज में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के तत्वाधान में हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में सात दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

जिसमें इतिहास विभाग में ज्ञान परंपरा से संबंधित पुस्तकों की प्रदर्शनी एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें लक्ष्मी चौरे प्रथम, हर्षित मेहरा द्वितीय तथा माही गोस्वामी तृतीय स्थान पर रहीं। इस अवसर पर संस्था के संरक्षक प्राचार्य डॉ रामकुमार चौकसे द्वारा हिंदी के धार्मिक ग्रंथ और वेद पुराण के अध्ययन करने की प्रेरणा दी।

कार्यक्रम में गायत्री परिवार की ओर से पंडित उमेश कुमार सिंह एवं पंडित तुलसी बावरिया तथा प्राध्यापक डॉ अमिता जोशी, डॉ संजय चौधरी, डॉ बी एल आर्य, डॉ सुधीर दीक्षित डॉ सुनील दिवाकर , डॉ सविता गुप्ता, नित्या पटेरिया डॉ श्रद्धा पटेल आदि शामिल हुए।

**खबर संक्षेप**

## विजय भवन में घुसा सांप सर्पमित्र ने किया रेस्क्यू



**शाहपुर।** विजय भवन में प्रातः 6 बजे प्रतिदिन की तरह योग समिति के सदस्य योग गुरु के साथ योग किया जा रहा था, तभी योग करते समय अचानक सांप जो लगभग ढाई से 3 फीट का था, विजय भवन की फर्श पर आ गया। वहां पर उपस्थित लोग उसे देखकर डर गये। पत्रकार संजय जगताप शाहपुर के द्वारा नगर परिषद के कर्मचारी मनीष शर्मा को सूचना दी गई। सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए उन्होंने सर्प मित्र आकाश मगरदे को सूचना दी। वही सुबह तुरंत ही सर्पमित्र आकाश मगरदे वहां पहुंचे। और उन्होंने सर्प का सुरक्षित रेस्क्यू किया। रेस्क्यू करने के बाद जंगल में छोड़ दिया।

## नवभारत साक्षरता परीक्षा को लेकर बैठक संपन्न



**शाहपुर।** शासन के निर्देशानुसार 20 सितंबर को आयोजित होने वाली नवभारत साक्षरता परीक्षा अंतर्गत आज शाहपुर ब्लॉक के शिक्षकों, सामाजिक चेतना केंद्र अध्यक्ष एवं शिक्षकों के उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन एकलव्य आवासीय विद्यालय शाहपुर के ऑडिटोरियम में बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम में जनपद शिक्षा केंद्र शाहपुर से बीएससी सुनील जोठे एवं शुभांशु गोहे एवं नवभारत साक्षरता के संकुल से सह समन्वयक कृष्ण कुमार कासदे के द्वारा शिक्षकों को परीक्षा से संबंधित मुख्य बिंदुओं पर समझाइश दी गई। परीक्षा सुनियोजित, आयोजित करने के निर्देश दिए गए। इसी संदर्भ में जनपद से शिक्षा केंद्र शाहपुर से बीएससी सुनील जोठे एवं जनपद शिक्षा केंद्र के कर्मचारी के द्वारा स्वच्छता पखवाड़े की शपथ सभी शिक्षक और शिक्षिकाओं को दिलवाई गई। अपनी शालाओं में स्वच्छता पखवाड़े का आयोजन करने के निर्देश दिए गए।

## आपदा प्रबंधन दलों का किया गठन



**शाहपुर।** आपदा प्रबंधन के मुख्य विजय कुमार अहिरवार द्वारा विजय भवन शाहपुर पहुंचकर योग करने वाले सभी समिति के सदस्य के मध्य बैठकर आपदा प्रबंधन के संबंध में सतपुड़ा जन जागृति समिति के द्वारा बैठक ली गई। आपदा से कैसे निपटना है और उसे कैसे अपने होने वाले नुकसान को बचाया जा सकता है, इसकी जानकारी दी गई। उसके बाद सभी की सहभागिता से स्वेच्छानुसार दलों का गठन किया गया। जिसमें पांच दल का गठन किया। मुख्य रूप से सूचना दल, जल जीवन सुरक्षा, राहत एवं पुनर्वास, बचाव एवं सुरक्षा दल, प्राथमिक चिकित्सा दल, इन दलों का गठन किया गया।

### 10 मीटर चौड़ा होगा लिंक रोड, विभाग ने शुरू की प्रकिया

# नपाई के दौरान मिले 22 अतिक्रमण नोटिस जारी कर हटाया जाएगा

**चिन्हित करके लाल पेंट से निशान लगाए गए**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

**शहर की सडकों का विस्तार और चौड़ीकरण किया जा रहा है। जिससे वाहन चालकों को सुविधाएं मिलेगी, वहीं ट्रॉफिक व्यवस्था में भी सुधार आयेगा।**

वैसे तो शहर की अधिकांश प्रमुख सडकें टू-लेन बन चुकी या बन रही हैं। जो सडके शेष रह गई है, उन्हें भी अब टू-लेन में बदलने की तैयारी चल रही है। कोतवाली चौक से लल्ली चौक के बाद अब लिंक रोड को चौड़ा कर 10 मीटर बनाया जा रहा है। इसके लिए विभागों ने सडक की नपाई शुरू कर दी है। इस दौरान विभाग को करीब 22 अतिक्रमण मिले है, जिन्हें चिन्हित करके लाल पेंट से निशान लगाए गए है। यहां उल्लेखनीय है कि कारगिल चौक से बच्चा जेल चौक तक 10 मीटर चौड़ी डामर की सड? का निर्माण किया जाना है। और उसके बाद की 2140 मीटर हिस्से पर सीसी रोड बनेगा। राजस्व और नगरपालिका अमले ने सडक निर्माण के लिए एक-एक कर मार्किंग की। विभाग को शुरू से लेकर आखिरी तक 22 अतिक्रमण मिले। इसी सडक का कलेक्टर नरेन्द्र सूर्यवंशी ने नपा सीएमओ सतीश मटसेनिया, आरआई बृजगोपाल परते, अखिल राय और राजस्व विभाग अमले के आरआई भीमराव पोर्टफोडे, पटवारी गोपाल मसकी, धर्मेंद्र पवार आदि के साथ मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को आदेश दिए कि टीएनसीपी अनुसार स्वीकृत सडक की ही मार्किंग की जाए, जब विभाग के कर्मचारीयों ने नापना शुरू किया, तो मकानों के न सिर्फ परिसरों में बल्कि अंदर तक जाकर लाल रंग के पेंट से निशान बनाने पड़े।

### मकानों के परिसर तक मिला अतिक्रमण

लिंक रोड को चौड़ा कर 10 मीटर चौड़ी बनाने नपाई शुरू हुई, तो पूरी सडक अतिक्रमण की चपेट में निकली। घरों के दरवाजे और भीतर तक मार्किंग की गई। कई आलीशान कार वाले घरों के भीतर तक अतिक्रमण मिला। नपाई में 22 अतिक्रमण चिन्हित करके लाल पेंट से निशान लगाए। गौरतलब है कि इस सडक के दूसरे छोर पर पीडब्ल्यूडी के ईई का कार्यालय और वर्कशॉप है। इसके बाद भी इस सड? पर 22 अतिक्रमण हो गए। खासबात यह है कि इसमें सरकारी अतिक्रमण भी था, बिजली कंपनी के कार्यालय की बाउंड्री और गेट, पिलर्स अतिक्रमण में निकले हैं। बताया जा रहा है कि जिन मकानों व प्रतिष्ठानों का निर्माण अतिक्रमण की श्रेणी में आता है, उन्हें नोटिस देकर हटाने की कार्यवाही की जायेगी।

### पांच वार्डों से गुजरती है सड़क

उल्लेखनीय है कि 7.89 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली कारगिल चौक से अखाड़ा चौक होते हुए गाड़ाघाट ओल्ड एनएच तक 2.70 किमी की सडक नपा बैतूल के महावीर, चंद्रशेखर, प्रताप, इंदिरा एवं अम्बेडकर वार्डो से गुजरती है। इसके अलावा शहर के उक्त व्यस्ततम मार्ग में लिंक रोड पर बडी संख्या में हॉस्पीटल, मेडीकल स्टोर्स, बडे स्कूल, कोचिंग संस्थान सहित अन्य व्यवसायिक प्रतिष्ठान स्थित है। साथ ही अखाड़ा चौक टिकारी में सुप्रसिद्ध हनुमान मंदिर स्थित है। जिसके चलते इस मार्ग पर वाहनों का मूव्हमेंट अधिक होने से अक्सर ट्रैफिक जाम रहता है। इस अतिव्यस्तम सडक निर्माण की मांग लंबे समय से की जा रही थी। सडक निर्माण परियोजना पूरी होने से यातायात व्यवस्था में बड़ा सुधार होगा और आवागमन सुलभ हो जाएगा।

### अभी 7 मीटर है सडक, 10 मीटर होगा चौड़ा

अभी कारगिल चौक से गाड़ाघाट तक लिंक रोड की चौड़ाई करीब 7 मीटर है। टू-लेन निर्माण के लिए इसको करीब 10 मीटर चौड़ा किया जा रहा है। सडक की चौड़ाई बढऩे से वाहन चालकों को आवागमन में फायदा मिलेगा। इटारसी रोड गाड़ाघाट से सीधे कारगिल चौक पहुंचा जा सकेगा। अभी भी इसी मार्ग से लोग आना-जाना करते हैं, लेकिन मौजूदा सडक पूरी तरह से उखड़ चुकी है और कई जगह सकरी है। जिसके कारण बड़े वाहन नहीं आ पाते हैं। टू-लेन बनने से इस सडक से आवागमन आसान हो जाएगा। वहीं टिकारी क्षेत्र के रहवासियों को भी इस सडक़ के बनने से फायदा होगा। वे भी सीधे गंज रेलवे स्टेशन व कोठीबाजार बस स्टैंड पहुंच सकेंगे। लेकिन इस सडक़ पर कई लोगों ने कब्जा कर बाउंड्रीवाल और घर की दीवारें तक खड़ी कर ली है।

### अतिक्रमण हटाया जाएगा

हमारे द्वारा सडक़ की मार्किंग का काम किया जा चुका है। इस दौरान लगभग 22 अतिक्रमण चिन्हित किए गए है। नोटिस जारी कर संपत्ति मालिकों को 17 सितंबर तक स्वत: अतिक्रमण हटाने का कहा गया है। यदि वह स्वयं अतिक्रमण नहीं हटते हैं तो नपा का अमला उनके अतिक्रमण हटाएगा।

- **सतीश मटसेनिया,** सीएमओ, नपा बैतूल

सडक हमारे क्षेत्राधिकार में है। हम इसके निर्माण की तैयारी कर रहे है। निरीक्षण और काम शुरू करवाने की तैयारी चल रही है। नपाई के समय हमारा अमला यहां मौजूद था।

- **डीएस परमार,** एसडीओ, पीडब्ल्यूडी बैतूल

**नदियों में पानी ज्यादा**

## नदी में बहे युवकों का नहीं लगा सुराग, रेस्क्यू जारी

### सीडीईआरएफ और पुलिस खोज में जुटी



**बैतूल।** जिले में नदियों के तेज बहाव के बीच हादसों का सिलसिला जारी है। तीन दिनों में दो अलग-अलग घटनाओं में दो युवक बह गए। सीडीईआरएफ, पुलिस और रेस्क्यू दल लगातार तलाश कर रहे हैं, लेकिन अब तक कोई सुराग नहीं मिला। इससे परिजनों में बेचैनी और गांवों में दहशत का माहौल है। पहली घटना शनिवार शाम की है। महाराष्ट्र के मोरछी गांव निवासी कुणाल किशोर बागड़े (17) अपने दो दोस्तों के साथ बाइक से सालबर्डी घूमने आया था। नहाते समय उसका पैर फिसल गया और वह मांडू नदी के तेज बहाव में बह गया। हादसे के बाद एसडीआरएफ और आठनेर पुलिस उसकी तलाश कर रही है। अमरावती से भी रेस्क्यू टीम बुलाई गई, लेकिन तीन दिन बाद भी सफलता नहीं मिली। इधर दूसरी घटना सोमवार देर शाम बोरदेही थाना क्षेत्र के मुआरिया गांव के पास हुई। यहां भैंसाई नदी की पुलिया पार करते समय अरुण उइके (गांव बेहड़ी) और उसका साथी मंदो यादव बह गए। मंदो तैरकर बाहर निकल आया और पुलिस को सूचना दी। लेकिन अरुण उइके अब तक लापता है। थाना प्रभारी राधेश्याम वट्टी ने बताया कि नदी में तेज बहाव, अंधेरा और आसपास की फसल-पेड़ों की वजह से सर्च ऑपरेशन में दिक्कत आई। मंगलवार सुबह से फिर से तलाश शुरू की गई। दोनों हादसों की पुष्टि पुलिस अधिकारियों ने की है। लगातार बारिश से नदियों में बाढ़ जैसे हालात हैं। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे नदियों और पुलिया के पास न जाएं।

## हत्या के प्रयास के फरार आरोपी गिरफ्तार



**बैतूल।** गंज पुलिस द्वारा हत्या के प्रयास के प्रकरण में फरार चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस जनसंपर्क अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार 27 जून 2025 की रात फरियादी धनंजय यादव (19 वर्ष), निवासी दुर्गावार्ड गंज, बैतूल के घर पर दीपक, रितिक और समीर द्वारा पत्थरबाजी एवं गाली-गलौज की गई थी। अगले दिन 28 जून 2025 की सुबह करीब 9.30 बजे हनुमान मंदिर के पास रितिक ने फरियादी पर चाकू से सिर, पीठ, कमर और जांघ पर वार किया। इस दौरान साहिल ने हाथ-मुक्कों से हमला किया, जबकि समीर और दद्दु ने फरियादी को पकडक़र रखा। घटना के संबंध में थाना गंज में अपराध धारा 294, 323, 307, 34 भादवि का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले में प्रारंभिक कार्रवाई के दौरान आरोपियों दीपक धुर्वे, रितिक बाडबुडे एवं एक नाबालिग को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया जा चुका है। वहीं, घटना के बाद से फरार चल रहे आरोपी साहिल कलोसिया एवं प्रतीक उर्फ दद्दू वाडबुडे को पुलिस ने 14 सितंबर को मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर गिरफ्तार किया तथा न्यायालय में पेश किया गया।

## केंद्रीय विद्यालय सारनी में स्वच्छता पखवाड़ा मनाया



**सारनी।** केंद्रीय विद्यालय सारणी में स्वच्छता पखवाड़े की शुरुआत की गई। कार्यक्रम की शुरुआत प्रभारी मनराज मीना द्वारा की गई। उन्होंने स्वच्छता के महत्व पर विशेष रूप से प्रकाश डाला और सभी छात्र-छात्राओं से स्वच्छता की शपथ दिलाई। उन्होंने बताया कि स्वच्छता न केवल स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है, बल्कि यह देश की प्रगति में भी सहायक है। प्रधानाचार्य और अन्य शिक्षकगण भी उपस्थित रहे। सभी छात्रों ने उत्साहपूर्वक शपथ लिया। इस पखवाड़े के माध्यम से विद्यालय में स्वच्छता को बढ़ावा देने का उद्देश्य रखा गया है, ताकि स्वस्थ जीवनशैली का विकास हो। अन्तर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस के उपलक्ष्य में केंद्रीय विद्यालय सारणी में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भारतीय सांकेतिक भाषा विशेषज्ञ छगन गुर्जर के निर्देशन में बच्चों ने सांकेतिक भाषा से जुड़े संज्ञानात्मक पहलुओं का ज्ञान प्राप्त किया। कार्यक्रम में बच्चों ने उत्साहपूर्वक सांकेतिक भाषा के माध्यम से संवाद करना सीखा और इसका महत्व समझा। शिक्षक ऋत्विक विशाल दुबे भी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे और बच्चों को प्रोत्साहित किया। इस प्रकार का आयोजन सभी के लिए प्रेरणास्पद रहा, जिससे छात्रों में समावेशिता और संवाद कौशल का विकास हुआ।

## देश के पांचवें धाम बालाजीपुरम में नवदुर्गा के स्वागत में किया गरबा



**बैतूल।** बैतूल की सांस्कृतिक धरा पर एक बार फिर परंपरा, सलीका और सुंदरता का अद्भुत संगम देखने को मिला, जब देश के पांचवें धाम बालाजीपुरम में नवरात्रि पर्व और और दीपावली से पहले गरबा आयोजन के माध्यम से नवरात्रि का स्वागत पूरे उत्साह और गरिमा के साथ किया गया। इस आयोजन में बैतूल की उभरती प्रतिभाओं ने पारंपरिक परिधानों में गरबा प्रस्तुत किया। इस खास आयोजन में मेकअप आर्टिस्ट माही जैन ने प्रतिभागियों के पारंपरिक और आकर्षक लुक को संवारने में अपनी रचनात्मकता दिखाई, वहीं ड्रेस डिजाइनर पिंकी ने गरबा के लिए विशेष रूप से तैयार किए गए रंग-बिरंगे परिधान पहनाकर प्रतिभागियों की सुंदरता को और भी निखारा। हर परिधान में पारंपरिकता और आधुनिकता का सामंजस्य देखा गया। पूरा आयोजन बालाजीपुरम के दिव्य और शांत वातावरण में हुआ, जहां गरबा के साथ नवरात्रि के स्वागत का एक विशेष भाव दिखाई दिया। आयोजन में सौम्यता के साथ गरबा की प्रस्तुतियां दी गईं, जिसमें बैतूल की संस्कृति की झलक साफ तौर पर दिखी। इस सुंदर क्षण को बैतूल के जाने - माने फोटोग्राफर रानू हजारे ने कैमरे में कैद किया। उन्होंने हर मूवमेंट को कलात्मकता से संजोया और इस आयोजन को यादगार बना दिया। हम अपनी संस्कृति को निभाते हैं झपार्ट 3 थीम के अंतर्गत हुए इस आयोजन में दीपावली से पहले बैतूल की बेटियों ने गरबा से नवरात्रि का स्वागत किया।

## निर्माणाधीन तवा-3 कोयला खदान में गिट्टी और रेत के अवैध भंडारण पर प्रकरण दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



घोड़ाडोंगरी तहसील और सारणी क्षेत्र के ग्राम गांधीग्राम में डब्ल्यूसीएल अन्तर्गत तवा-3 कोयला खदान के निर्माण कार्य में खनिज गिट्टी, रेत के अवैध भण्डारण किए जाने की सूचना प्राप्त होने पर 15 सितंबर को कलेक्टर श्री नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी के निर्देशन में सहायक खनि अधिकारी बैतूल द्वारा खनिज एवं राजस्व अमला के साथ संयुक्त रूप से तहसील घोड़ाडोंगरी, सारनी क्षेत्र के ग्राम गांधीग्राम स्थित शासकीय भूमि खसरा क्रमांक 159, रकबा 0.503 हेक्टेयर क्षेत्र का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

मौका निरीक्षण करने पर पाया गया कि उक्त शासकीय भूमि पर तवा-3 कोयला खदान के लिए निर्माणाधीन मुहाने के समीप एक आरएमसी प्लांट लगाया गया है, जिसके समीप खनिज रेत के 02 बड़े ढेर एवं खनिज गिट्टी के 01 ढेर भंडारित किया जाना पाया गया। उक्त सभी ढेरों की नाप करने पर अवैध रूप से भंडारित रेत की कुल मात्रा 169 घन मीटर पाई गई तथा खनिज गिट्टी की कुल मात्रा 57 घन मीटर पाई गई। मौके पर उपस्थित कंपनी के सुपरवाईजर श्री चिंता वर्मा निवासी-जिला राजनांदगांव द्वारा बताया गया कि उक्त कार्य सिंग एण्ड सन्स कंपनी प्रा. लि. नागपुर महाराष्ट्र के द्वारा किया जा रहा है। मौके पर कंपनी प्रतिनिधि द्वारा आरएमसी प्लांट के लिए मप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की अनुमति संबंधी कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किये गये एवं भण्डारित खनिज रेत, गिट्टी के संबंध में भी कोई रायल्टी रसीद ई.टी.पी प्रस्तुत नहीं की गई। मौका जांच के दौरान सिंग एण्ड सन्स कंपनी प्रा.लि. नागपुर महाराष्ट्र के द्वारा उक्त स्थल से बिना अनुमति एवं बिना ई.टी.पी. के खनिज गिट्टी, रेत को अवैध रूप से भंडारित किया जाना पाया गया है। उक्त अवैध भंडारण कर्ता कंपनी के विरूद्ध मध्यप्रदेश खनिज अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण नियम 2022 के तहत अवैध भण्डारण का प्रकरण दर्ज कर प्रकरण न्यायालय अपर कलेक्टर बैतूल में प्रस्तुत किया जा रहा है।

**545 ग्राम हर घर जल से होंगे लाभान्वित**

## समूह जल प्रदाय योजनाओं को निर्धारित समय पर पूर्ण कराएं :

### निर्माण अवधि बढ़ने पर ठेकेदार से होगी राशि वसूल



**बैतूल।** जिले में जल निगम द्वारा चार समूह जल प्रदाय योजना का निर्माण किया जा रहा हैं, जिससे बैतूल पश्चिम के 545 ग्राम हर घर जल उपलब्धता से लाभान्वित होंगे। कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक में जल प्रदाय योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षत जैन सहित जल निगम और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी उपस्थित रहें। बैठक में बताया गया कि जिले में 215 करोड़ की लागत से घोघरी समूह जल प्रदाय का निर्माण प्रगतिरत हैं, जिसमें विकासखंड आमला, मुलताई और प्रभातपट्टन के 99 ग्राम लाभान्वित होंगे। योजना में 57 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो गया है। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने ठेकेदार कंपनी विकरान इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड को योजना में इंटेकवाल, वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट, रॉ वॉटर मैनेजमेंट, ओवर हेड टैंक के लंबित कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने सख्त निर्देश दिए कि घोघरी योजना का कार्य समयसीमा में पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि सडक़ रेस्टोरेशन का काम भी जल्द से जल्द पूर्ण कराएं। जलनिगम को निर्देशित किया कि योजना पूर्ण करने का तय समय बढ़ता हे तो अनुबंध की राशि ठेकेदार कंपनी से काटी जाएग। इसका सख्त नोटिस भी दिया जाएं।

**लीडरशिप डेवलपमेंट कैंप में शामिल होने भैंसदेही पहुंचे थे दिग्विजय सिंह**

# पूर्व सीएम ने कांग्रेसियों को दिए कई उपयोगी टिप्स



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भैंसदेही

मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री और राज्य सभा सांसद दिग्विजय सिंह मंगलवार को अल्प प्रवास पर भैंसदेही और बैतूल पहुंचे। वे भैंसदेही में लीडरशिप डेवलपमेंट कैंप में शामिल हुए। इस दौरान प्रशिक्षण शिविर में जिले भर के कांग्रेसियों को कई उपयोगी टिप्स दिए। यह आयोजन मप्र आदिवासी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष रामू टेकाम की अगुवाई में आयोजित किया गया था। अपनी चीर परिचित शैली में दिग्गी राजा साधारण कार्यकर्ता के बीच राउंड टेबल पर बैठकर कांग्रेसी कार्यकर्ताओं से लीडरशिप डेवलपमेंट को लेकर कांग्रेसियों से चर्चा की और कई उपयोगी टिप्स दिए। उन्होंने कांग्रेस में नए लीडर सामने लाने के लिए ऐसे आयोजन को महत्वपूर्ण बताया। पूर्व सीएम दिग्विजय ने नेतृत्व विकास पर अपने विचार व्यक्त करने के बाद ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष रानू ठाकुर के निवास पहुंचे। यहां पर उन्होंने भैंसदेही और आसपास के कार्यकर्ताओं से मुलाकात कुशलक्षेम पूछी। इसके बाद वे जिला कांग्रेस अध्यक्ष निलय डागा के आवास पहुंचे। यहां उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर चर्चा की। पूर्व सीएम इसके बाद भोपाल रवाना हुए। पत्रकारों से चर्चा करते हुए पूर्व सीएम दिग्गी ने कहा कि कमलनाथ से उनके कोई मतभेद नहीं है। हम मिलकर कांग्रेस को मजबूत करने का काम कर रहे हैं। आतंकवाद के आरोपों पर उन्होंने कहा कि मामले में निष्पक्ष जांच हो, हम तो तैयार है। एक प्रश्न के जवाब में उन्होंने कहा कि गौवंश के नाम पर भाजपा राजनीति करते आ रही है, लेकिन कांग्रेस के सरकार रहते गौवंश आयोग बना था। भाजपा केवल राजनीतिक रोटी सेकती है। इस दौरान आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रांत भूरिया, प्रदेश अध्यक्ष रामू टेकाम, कांग्रेस जिला अध्यक्ष निलय डागा, पूर्व मंत्री प्रताप सिंह उइके, पूर्व विधायक धरमू सिंह सिरसाम, ब्रह्मा भलावी समेत अन्य कार्यर्ता मौजूद रहे।

## पूर्व मुख्यमंत्री का शाहपुर में भव्य स्वागत



**शाहपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्य सभा सांसद दिग्विजय सिंह का शाहपुर में स्वागत किया गया। इस मोके पर पूर्व मंत्री प्रताप सिंह उइके, धर्मेंद्र शुक्ला पहलवान ठाकुर, रिंकू उपेंद्र वर्मा, संजू परसाई, रामदिन हनोते, उमाकांत साहू, उमाकांत वर्मा, रोहित, सांतनु तिवारी, विरेन्द्र वर्मा, राकेश वर्मा, सुदामा सोनारे, आशीष मालवीय, संतोष चौरे, आयुष शुक्ला, धर्मेंद्र भलावी, अविनाश वर्मा, उमेश पटेल, गब्बर वर्मा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## नए पंजीयन करने वालों के लिए बनेंगे जीएसटी सेवा केंद्र

**सीहोर।** जीएसटी के नये पंजीयन लेने वाले व्यक्तियों में हाई रिस्क स्कोर के अंतर्गत आने वाले व्यवसाईयों के बायोमेट्रिक से आधार का सत्यापन करने के लिए जीएसटीएन की मदद से जीएसटी सेवा केंद्र स्थापित किए जाएंगे। नये डाटा एनालिसिस एंड मॉनिटरिंग कार्य से संबंधित नये प्लेटफार्म दिशा - डेटा इंटेलिजेंस सिस्टम फॉर हॉलिस्टिक एनालिसिस का उपयोग शुरू कर दिया गया है। यह बात उप मुख्यमंत्री ने विभाग की समीक्षा के दौरान कही। विभाग द्वारा जीएसटीएन, जीएसटी प्राइम, एनआईसी, ई-वे बिल जैसे विभिन्न पोर्टल पर उपलब्ध लगभग 105 रिपोर्ट को फील्ड अधिकारियों को देकर कर ऑनलाइन वेब पेज के माध्यम से कर चोरी के प्रकरणों की जांच कर कार्रवाई की जाएगी। जीएसटी रिटर्न फाइलिंग करने में मध्यप्रदेश देश के अग्रणी राज्य में है। बोगस पंजीयन की रोकथाम के लिए पंजीयन आवेदन के साथ व्यवसाय स्थल के प्रमाण के रूप में दिए गए उपभोक्ता बिजली क्रमांक का ऑनलाइन वेरिफिकेशन विद्युत वितरण कंपनी के डेटा से करने की व्यवस्था की गई है।

### सांसद खेल महोत्सव में पांच अक्टूबर से होंगी प्रतियोगिताएं

# 14 से 19 आयुवर्ग में क्षेत्र के हर गांव से तलाशी जाएंगी खेल प्रतिभाएं

एक महत्वपूर्ण बैठक गत दिवस स्थानीय लोनिवि रेस्ट हाउस में लोकसभा सांसद दर्शन सिंह चौधरी एवं विधायक विजयपाल सिंह की उपस्थिति में की गई है। इस अवसर पर सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा देश में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए चलाए जा रहे अभियान सांसद खेल महोत्सव की जानकारी दी।



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सांसद खेल महोत्सव पांच अक्टूबर 2025 से प्रारंभ होगा। जिसे लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक गत दिवस स्थानीय लोनिवि रेस्ट हाउस में लोकसभा सांसद दर्शन सिंह चौधरी एवं विधायक विजयपाल सिंह की उपस्थिति में की गई है।

भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष अभिनव पालीवाल ने बताया कि सांसद खेल महोत्सव को लेकर शिक्षा विभाग एवं खेल विभाग अधिकारियों से बैठक में चर्चा की गई। इस अवसर पर सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा देश में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए चलाए जा रहे अभियान सांसद खेल महोत्सव की जानकारी दी। उन्होंने बताया पीएम के निर्देश पर देश के सभी संसदीय क्षेत्रों में खेल प्रतिस्पर्धाएं आयोजित की जा रही हैं। जिनमें हमारे पुराने क्षेत्रीय पारंपरिक खेलों की प्रतियोगिताएं होंगी। जिनमें खो-खो, रस्साकशी व कबड्डी जैसे पारंपरिक खेलों सहित वॉलीबल, बैडमिंटन, एथलेटिक्स, क्रिकेट, फुटबाल को भी शामिल किया गया है। सांसद खेल महोत्सव में 14-19 आयु वर्ग व 19 वर्ष से अधिक वर्ष के खिलाड़ियों के आयु वर्ग तय किये गए हैं। जिनमें खिलाड़ी हिस्सा ले सकेंगे। खेलों का आयोजन ग्राम, विधानसभा स्तर एवं लोकसभा स्तर पर होगा। खेल महिला एवं पुरुष के दो श्रेणियों में होंगे।

### गांवों से चुनेंगे प्रतिभाएं

जानकारी अनुसार सांसद खेल महोत्सव में प्रत्येक गांव, गली एवं विद्यालय से प्रतिभावान खिलाड़ी तलाशे जाएंगे। इसके लिए 20 सितंबर तक पंजीकरण होंगे। प्रतियोगिताएं 21 सितंबर से 25 दिसंबर तक होंगी। आयोजित बैठक में विधायक विजयपाल सिंह, एसडी प्रियंका भल्लावी, नपाध्यक्ष लता यशवंत पटेल, उपाध्यक्ष आकाश रघुवंशी, भाजपा सोहागपुर मंडल अध्यक्ष अश्वनी सरोज, बीआरसी राकेश रघुवंशी, बीएसओ राजू नागा, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि यशवंत पटेल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुरेश पटेल, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष अभिनव पालीवाल, योगेश मालवीय, रविशंकर उईके, दशरथ रघुवंशी, आशीष विश्वकर्मा, गौरव पालीवाल, ऋषभ गढ़वाल सहित क्षेत्रीय विद्यालयों के प्राचार्यों की उपस्थिति रही।

## अजाक्स संघ सोहागपुर ने किया सम्मान समारोह का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

मप्र अनुसूचित जाति जनजाति अधिकारी कर्मचारी संघ के नव निर्वाचित जिलाध्यक्ष नर्मदापुरम रविशंकर वाल्मीकि एवं महिला प्रकोष्ठ में नवनियुक्त जिलाध्यक्ष सुमित्रा देवी का अजाक्स संघ सोहागपुर के साथियों ने गत दिवस सम्मान कार्यक्रम किया।

जिलाध्यक्षों ने सोहागपुर के अजाक्स कर्मचारियों की समस्याएं सुनीं और उनके निराकरण का आश्वासन दिया। इस दौरान सोहागपुर नप सीएमओ से भेंट नहीं हो पाई, क्योंकि जिलाध्यक्ष अजाक्स संघ से जुड़े नपकर्मियों की समस्याओं का समाधान करना चाहते थे। जानकारी अनुसार अब नप सीएमओ से समय लेकर सभी कर्मचारियों की समस्याओं के संबंध में चर्चा की जाएगी एवं उनकी समस्याओं का निराकरण कराया जाएगा। यह आश्वासन दोनों अध्यक्षों द्वारा दिया गया है। बताया जाता है कि कई नप कर्मियों का जीएफ भुगतान नहीं हो रहा है तथा मासिक वेतन का समय पर नहीं होता है। इन सभी समस्याओं पर बैठक में चर्चा की गई। एक महिला नपकर्मी को अन्य महिला कर्मी द्वारा जातिगत भेदभाव कर अपमानित किया गया। जिसकी शिकायत संबंधित अधिकारी से की गई है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई है। पीड़ित महिला कर्मी ने संगठन पदाधिकारियों को आवेदन दिया है। अगर अधिकारी आवेदन पर कार्रवाई नहीं करते हैं, तो संघ सांकेतिक धरना प्रदर्शन करेगा।

इस बैठक में अजाक्स संघ पदाधिकारियों सहित लखनलाल अहिरवार, सागर दोहरे, सचिन बहोत्रा, विजेन्द्र महोरिया, रंजीत बहोत्रा, हरीश कलोसिया, अमर कलोसिया, जितेंद्र कटारिया, अनिल घावरी, हरी धौलपुरिया, मुकेश धौलपुरिया, मुकेश दोहरे, रेखा दोहरे, सरला सनकत, सूरज पठारिया, बहादुर ब्रहमवंशी, नरेंद्र धुर्वे, रजनी ठाकुर, प्रमोद गोहर, एवं समस्त वाल्मीक समाज एवं अजाक्स संघ के सदस्य उपस्थित रहे।

## स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान अंतर्गत होगा रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

17 सितंबर से दो अक्टूबर 2025 तक स्वास्थ्य विभाग द्वारा 'स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार' अभियान संचालित होगा। अभियान का सोहागपुर ब्लॉक क्षेत्र में शुभारंभ 17 सितंबर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अधिकारियों व जन प्रतिनिधियों की उपस्थिति में होगा। सोहागपुर बीएमओ डॉ. रेखा सिंह गौर ने बताया कि 18 सितंबर को रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। उन्होंने रक्तदाताओं से रक्तदान के अपील की है। डॉ. गौर ने बताया कि यह अभियान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी नर्मदापुरम के निर्देश अनुसार आयोजित किया जा रहा है। 22 सितंबर को स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन होगा, जिसमें जिला स्वास्थ्य विभाग के विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य की जांच करेगी। अभियान का समापन दो अक्टूबर को किया जाएगा।

## शासकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय हिंदी दिवस के अवसर पर संगोष्ठी हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

माखन नगर शासकीय महाविद्यालय माखन नगर में राष्ट्रीय हिंदी दिवस के अवसर पर संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन एवं वंदना के साथ हुआ। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ नीता चौबे ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि हिंदी केवल संवाद की भाषा नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और अस्मिता की आत्मा है। हमें इसका प्रयोग गर्व के साथ करना चाहिए।

रजिला संगठक प्रोफेसर डी.एस.खत्री द्वारा हिंदी दिवस की सभी को शुभकामनाएं देते हुए विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. श्रीमती कीर्ति वर्मा ने कहा




कि मानव सभ्यता की तरह लिपि का विकास भी हमारी सांस्कृतिक धरोहर का प्रमाण है। उन्होंने बताया कि आज हिंदी न केवल भारतीय संस्कृति का जीवन्त दस्तावेज है, बल्कि विश्व पटल पर भारतीय अस्मिता की पहचान भी बन चुकी है। हिंदी दिवस हमें यह प्रेरणा देता है कि हम अपनी मातृभाषा को सम्मान दें और अन्य भाषाओं के साथ सहयोग का सेतु बनाएँ। महाविद्यालय के पूर्व छात्र संजय यादव ने स्वयं के द्वारा रचित कविता की प्रस्तुति दी विदित होगी संजय यादव कविता पाठ में राज्य स्तर में महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं।

इसके अतिरिक्त महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने कवि माखनलाल चतुर्वेदी जी की रचनाएं प्रस्तुत की और बढ़-चढ़कर प्रस्तुति दी कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर सुमन अवस्थी एवं आभार डॉक्टर अनीता साहू एनएसएस अधिकारी बालिका इकाई क्रमांक 2 द्वारा दिया गया कार्यक्रम में महाविद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा और सभी की उपस्थिति सराहनीय रही।

## बीएलओ को दिया गया प्रशिक्षण

**नर्मदापुरम।** जिले की चारों विधानसभा क्षेत्रों में फोटो निर्वाचक नामावली 2025 के अंतिम प्रकाशन के विवरणों का गहन पुनरीक्षण कर, वर्ष 2003 की मतदाता सूची में अंकित विवरणों से मिलान (मैपिंग) कर मतदाताओं की संख्या ज्ञात किए जाने हेतु निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यवाहियों को सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए गए हैं। इस संबंध में निर्वाचन प्रभारी, मास्टर ट्रेनर एवं प्रोग्रामर/ऑपरेटर को जिला स्तर पर 16 सितम्बर को प्रशिक्षण प्रदान किया जा चुका है।

## नवरात्रि महापर्व को लेकर नगर में तैयारियों हुईं शुरू

### जगह-जगह होगी प्रतिमा की स्थापना, होंगे गरबा



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

नवरात्रि का पावन पर्व प्रारंभ होते ही विभिन्न समाजों केद्रारा प्रतिवर्षकी तरह इस वर्षभी गरबा नृत्य को लेकर तैयारी की जा रहीहै। पचमढ़ी रोड पर एक निजी होटल में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी तरह से शहर में अनेक स्थानों पर शिक्षकों के दारां गरबा नृत्य भीसिखाया जा रहा है। 23 सितंबर को रघुवंशी समाज के द्वारा लगातार इस वर्ष भी पचमढ़ी रोड पर स्थित सिध्दीविनायक गार्डन मैं गरबा नृत्य का आयोजन किया गया है। इसी तरह से 5 अक्टूवर को शोभापुर रोड स्थित निजी गार्डन मेगरवा कार्यक्रम ब्राह्मण समाज केदारा आयोजित किया जा रहा है। ब्राह्मण समाज केकार्यक्रम लकीडरा में तीन पुरस्कार दिए जाएंगे। पहला पुरुस्कार 2001 रुपए सतपाल पलिया ने देने की घोषणा की है। तथा अन्य 2 और छोटे छोटे पुरुस्कार भी दिए जाएंगे। ब्राह्मण समाज केदारा 50 लेकर 500रुपए तक पास की फीस तय की है। लेकिन अभी शोभापुर रोड पर भी निजी होटल में 24/9/25को भी राजपूत करणी सेना ने गरवा का आयोजन किया गया है।

## निर्माण के बाद उखड़ी रेलवे स्टेशन-रेस्ट हाउस की रोड



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

शहर में रेलवे स्टेशन से लोनिवि रेस्ट हाउस तक डामर रोड बनाई गई थी। यह रोड नप व लोनिवि ने बनाई। लेकिन निर्माण पूर्णता के कुछ माह बाद ही डामर उखड़ने लगा तो दिखावे का सुधार किया गया। और अब फिर सड़क उखड़ने लगी है और नागरिक गड्ढों से बहुत परेशान हैं। नागरिकों की मांग है कि घटिया सड़क निर्माण के ज़िम्मेदार अधिकारियों व ठेकेदार पर कार्रवाई की जाए।

## ड्राइवर था नशे में धुत, निम्नागांव में बिजली पोल से टकराई बस

### टला हादसा : करीबन 40 बच्चे बस में सवार थे, मालिक ने बचाई जान

**भैरूंदा।** नगर की सांदीपनी स्कूल की बस बिजली पोल से टकरा गई। बिजली नहीं थी, नहीं तो हो सकता था बड़ा हादसा। बड़ा हादसा तला स्कूल बस में करीब 40 छात्र, छात्राएं मौजूद थे। मालिक ने बचाई सभी की जान। ग्राम पंचायत सरपंच शिवनारायण ने बताया कि सोमवार शाम करीब 4.30 बजे सांदीपनी स्कूल की बस राम नगर,निम्नागांव की मस्जिद के सामने बिजली पोल से टकरा गई। बस चालक नशे में धुत था। बस में सवार करीब 40 स्कूल के बच्चे जो अपने घर के लिए निकले थे।



गनीमत है कि बिजली नहीं थी नहीं तो हो सकता था बड़ा हादसा। वहीं उन्होंने शिक्षा विभाग स्कूल प्रबंधन पर आरोप लगाते हुए कहा नशे के आदि ड्राइवर को कैसे स्कूल बस सौंप दी। उन्हें बच्चों ने बताया स्कूल से बस निकली तभी से ही लापरवाही बरतने पर उन पर उचित कार्रवाई हो। स्कूल के बच्चों की जान की कोई कीमत नहीं है। अगर बड़ी घटना होती तो इसका जिम्मेदार कौन था। मालिक का शुक्र है कि बड़ी घटना नहीं हुई।ग्रामीणों ने बताया कि नशे में बड़ी घटना हो सकती थी। गनिमत थी कि जिस समय यह घटना हुई बिजली नहीं थी। ओर एक बड़ी दुर्घटना होते होते टल गई। ऐसे बस चालक को स्कूल में कैसे रख किया जो कि शराब का आदि हो। यह लापरवाही बरतने वालों पर कार्रवाई पर पहुंची और बस चालक को थाने में लेकर गई थी। इस संबंध में ब्लॉक विकासखंड ि शक्षा अधिकारी भैरुंदा ललित कीर ने बताया कि मीडिया के माध्यम से जानकारी प्राप्त हुई थी सांदीपनी स्कूल प्राचार्य से दूरसंचार से जानकारी ली गई बस मालिक और स्कूल प्राचार्य अभी सभी बच्चों को घर छोड़ने गए थे। बस चालक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## ग्रामीणों ने मिलकर लगाए सेमरा दांगी में 1100 पौधे

**सीहोर।** प्राचीन सावल माता मंदिर सेमरा दांगी में 1100 पौधा तरुपुत्र तरुमित्र रोपण महायुज्ञ गरिमापूर्णं रूप से आयोजित हुआ। हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं छात्र छात्राओ और गायत्री परिवार के कार्यकर्ता तथा ग्रामीण बंधुओ ने श्रद्धापूर्वक हिस्सा लिया। शांतिकुंज हरिद्वार के प्रतिनिधि सुनील वर्मा ने प्रेरण मार्गदर्शन अध्यात्म एवं पंडित मेवालाल पाटीदार गायत्री धाम सेंधवा के सानिध्य में तरुयज्ञ विधि विधान से हुआ।

जोनल समन्वयक मध्य प्रदेश राजेश पटेल ने जन्म शताब्दी योजना तथा गुरुसत्ता की स्मृति उपवन वाटिका युवा प्रांतीय संयोजक अमर धाकड़,सूरज परमार, विधायक सुदेश राय, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, जिला भाजपा अध्यक्ष नरेश मेवाडा,महामंडलेश्वर स्वामी रामगिरिराज भागवत प्रवक्ता संत गोविंद जाने,पंडित मोहित पाठक,राजेंद्र प्रसाद मोदी आदि उपस्थित हुए। आयोजन मंडल के अनिल ठाकुर एवं परिवारजनों सहित बहनों ने तिलक लगाकर अतिथियों को गायत्री मंत्र, चादर और एक एक पौधा भेंट कर स्वागत किया। कार्यंक्रम में विद्यार्थिंयों शिक्षकों को एक-एक पौधा प्रदान किया। मंचित कार्यंक्रम उपरोक्त शांतिकुंज प्रतिनिधियों द्वारा प्राचीन सावन माता बडली वाली माता मंदिर रायपुरा पहुंचकर राधेश्याम दांगी डॉ रघुवीर दांगी,अरविंद दांगी, राजेश दांगी, युवा संयोजक मनोहर दांगी एवं समस्त ग्राम सेमरा दांगी तथा सरपंच रायपुरा पुजारी प्राचीन माता मंदिर ने पौधा रोपण किया। कार्यक्रम में गायत्री परिवार के महेश ठाकुर, महेश विजयवर्गीय, यशपाल कुशवाहा, रामनारायण लेवे, चंरपालाल चंद्रवंशी, नरेश चंद्रवंशी, प्रहलाद वर्मा, बने सिंह दांगी, हरि नारायण पाटीदार, रमाकांत शर्मा, सुरेश त्यागी, माया त्यागी, आरके सिंह आदि मौजूद थे।

### बैंक की 43वीं वार्षिक साधारण सभा आयोजित

# जिला सहकारी बैंक अपने ग्राहकों को अधिक से अधिक लाभान्वित करें: कलेक्टर बालागुरु के.

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर






जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक सीहोर की सभी शाखाएं और इससे जुड़ी सहकारी समितियां किसानों के हित में अच्छा काम कर रही है और प्रदेश व केन्द्र सरकार की जनहितकारी योजनाओं का सीधा लाभ किसानों तक पहुंचाने में सफल रही है। वर्तमान समय में चल रही चुनौतियों का सामना करते हुए जिला सहकारी बैंक अपने ग्राहकों को अधिक से अधिक लाभान्वित करें और लगातार आधुनिकीकरण की ओर अग्रसर रहे यही गति और सोच सहकारी बैंक को और अधिक सफल बनाएगी।

उक्त आशय के उदगार कलेक्टर एवं बैंक प्रशासक बालागुरू के. ने जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक परिसर के सभाकक्ष में आयोजित 43 वीं वार्षिक साधारण सभा की अध्यक्षता करते हुए व्यक्त किए। कलेक्टर बालागुरू ने कहा कि सीहोर जिला सहकारी बैंक ने व्यवसायिक बैंको की तुलना में अपने उपयोगिता को साबित किया है और इसके साथ किसानों की फसलों की खरीदी के बाद त्वरित भुगतान और समय पर किसानों को खाद-बीज उपलब्ध कराने में भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। कलेक्टर ने बैंक के सभी संस्था प्रबंधको, कर्मचारियों एवं बैंक के प्रभारी सीईओ मनोज शर्मा की कार्यशैली की सराहना करते हुए किसानों एवं ग्राहकों के हित में इसी प्रकार सतत लगन से कार्य करने की आवश्यकता बताई। कलेक्टर ने कहा कि सभी सहकारी समितियों को किसानों के हित में कार्य करना चाहिए ताकि जिले के किसानों को कोई समस्या न आए। इस अवसर पर उपस्थित बैंक के पूर्व संचालक एवं सहकारी नेता देवीसिंह परमार एवं राधेश्याम दलपति ने भी सम्बोधित करते हुए अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि बैंक निरन्तर प्रगति की ओर बढ रही है और सभी अधिकारी व कर्मचारी मिल जुलकर कार्य कर रहे हैं यही सहकारिता का ध्येय भी है।

आमसभा में लेखा शाखा के प्रभारी शाखा प्रबंधक प्रमोद गौतम ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में भी निरन्तर लाभ का बजट प्रस्तुत करते हुए बताया कि बैंक ने आडिट में अ वर्ग प्राप्त किया है तथा बैंक निरन्तर अपनी लाभप्रदता में बढोतरी कर रहा है। कार्यक्रम में बैंक के प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी मनोज शर्मा द्वारा अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के चित्र पर अतिथिद्वय द्वारा दीप प्रज्जवलन से की गई, इस मौके पर सरस्वती वंदना रचना गौतम ने अपनी सुमधुर आवाज से की। कार्यक्रम का संचालन रामचंद्र शर्मा द्वारा किया गया एवं आभार प्रदर्शन प्रभारी अधीक्षक स्थापना प्रदीप उपाध्याय द्वारा किया गया। कार्यक्रम में बैंक प्रधान कार्यालय एवं शाखाओं के अधिकारी कर्मचारी बडी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अन्त में स्नेह भोज का आयोजन भी किया गया।

**न्यायालय नजूल अधिकारी, इटारसी**

**इश्तहार**

**रा.प्र.क्र. 0018 अ-20 (3) वर्ष 2025-26**

आम जनता को इस इश्तहार प्रेस मुनादी के जरिये सूचित किया जाता है आवेदकगण मुस्तनसिर आ. स्व. अकबर अली एवं अन्य-06 निवासी नर्मदापुरम जिला नर्मदापुरम ने इस आशय का आवेदन पत्र अर्न्तगत धारा 109,110 म.प्र.भू.रा. संहिता 1959 प्रस्तुत कर अवगत कराया कि नगर नजूल शहर इटारसी की नजूल शीट नं. 14 प्लाट नं 53/1 रकबा 1200 व.फु. भूमि जो नजूल अभिलेख में आवेदक क्रमांक-01 के पिता, आवेदिका क्रमांक-02 के ससुर एवं आवेदिका क्रमांक-03 लगायात 07 के दादा मृतक अकबर अली आ. स्व. अली हुसैन के नाम दर्ज है। आवेदकगण के पिता/पति/दादा का स्वर्गवास दिनांक 25/05/1974 को हो चुका है साथ ही उनकी पत्नि खतीजा बानों का स्वर्गवास दिनांक 25/06/1980 को हो चुका है, स्व. अकबर अली के विधिक वारसानों में दो पुत्र स्व. अली हुसैन एवं मुस्तनसिर हैं जिसमें से अली हुसैन आ. अकबर अली का स्वर्गवास दिनांक 14/11/2020 को हो चुका है अली हुसैन के विधिक वारसान उनकी पत्नि एवं पुत्रियाँ आवेदिका क्रमांक-02 लगायत 07 तक है। अन्य कोई विधिक वारसान नहीं है। अतः आवेदकगणों द्वारा उक्त वर्णित संपत्ति पर फौती आधार पर नजूल अभिलेख में नाम दर्ज किये जाने का अनुरोध किया है।

आवेदक के उक्त आवेदन पर जनसामान्य को कोई आपति या कोई दावा प्रस्तुत करना हो तो वह प्रकरण के सुनवाई दिनांक 24/09/2025 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय नजूल अधिकारी इटारसी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत समय अवधि में दावा या आपत्ति पेश न होने की दशा में प्रकरण में एक पक्षीय कार्यवाही की जाकर आदेश पारित किया जावेगा।

नोटः- नियत तिथि को अवकाश घोषित होने की दशा में प्रकरण की कार्यवाही आगामी कार्य दिवस में होगी।

**नजूल अधिकारी इटारसी**

**खबर संक्षेप**

### स्टॉक में अनियमितता पर शासकीय उचित मूल्य दुकान छीपाबड़ निलंबित

**हरदा।** अनुविभागीय अधिकारी खिरकिया के निर्देशन में 11 सितम्बर 2025 को कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी प्रशांत सिंह कुशवाह ने शासकीय उचित मूल्य दुकान छीपाबड़ का निरीक्षण किया। निरीक्षण दौरान स्टॉक में गेहूं 48 क्विंटल, चावल 71 क्विंटल एवं शक्कर 25 किलो कम पाई गई। स्टॉक में अनियमितता के प्रतिवेदन पर अनुविभागीय अधिकारी खिरकिया शिवांगी बघेल ने माँ अन्नपूर्णा प्रा. उप. भण्डार छीपाबड़ की दुकान को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। बघेल ने हितग्राहियों की वितरण सुविधा को ध्यान में रखते हुए दुकान को शासकीय उचित मूल्य दुकान प्रा. उप. सह.भण्डार खिरकिया में संलग्न किया है। शीघ्र ही शासकीय उचित मूल्य दुकान छिपाबड का संचालन वार्ड क्रमांक 13 से प्रारंभ किया जाएगा।

### सूर्योदय ग्लोबल एकेडमी के छात्र का राज्य स्तरीय फुटबॉल मैच में उम्दा प्रदर्शन

**खिरकिया।** विद्यालय सूर्योदय ग्लोबल अकैडमी के छात्र डैनी वैष्णव ने जिला स्तरीय फुटबॉल मैच में जीत हासिल करते हुए दिनांक 7, 9 , 25 से 13, 9 , 25 तक के राज्य स्तरीय फुटबॉल मैच में उम्दा प्रदर्शन किया। परिणाम स्वरुप उसके साथ प्रतिद्वंद्वी टीम के भी बराबर- बराबर अंक रहे। प्रतियोगिता में प्रतिभाशाली खिलाड़ी डेनी वैष्णव ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए विद्यालय परिवार को एवं वहां पर उपस्थित दर्शकों को मंत्र मुक्त कर दिया। उसके साहसिक प्रदर्शन को देखते हुए विद्यालय के प्रबंधक पंकज साड,भगवत सिंह तोमर, एवं सुभाष सिंह राजपूत के साथ विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती सोनाली पारे, ने उसका उत्साहवर्धन करते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की। प्राचार्य महोदया ने कहा कि-खेलकूद से ही छात्र के जीवन का सर्वांगीण विकास होता है। इसलिए खेलकूद को भी प्रोत्साहन करना जरूरी है।

### सेवा पखवाड़ा के तहत सौंपे गए दायित्वों को जिम्मेदारी से पूर्ण करें



**हरदा।** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन द्वारा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलाये जा रहे सेवा पखवाड़ा के तहत सौंपे गये सभी दायित्वों को जिम्मेदारी से पूर्ण करें। सभी अधिकारी अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित करें। उन्होने अधिकारियों को सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों का समय सीमा में संतुष्टिपूर्ण निराकरण करने के निर्देश भी दिये। बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को आईगॉट पोर्टल पर अपने अधिनस्थ कर्मचारियों का पंजीयन कराकर प्रशिक्षण पूर्ण कराने के निर्देश दिये। बैठक में अपर कलेक्टर पुरूषोत्तम कुमार, संयुक्त कलेक्टर सतीश राय व रजनी वर्मा, जिला पंचायत के प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रवीण इवने, एसडीएम हरदा अशोक डेहरिया उपस्थित थे।

## सोमवार रात से लेकर मंगलवार दिन भर लाइन लगाकर खड़े रहे किसान

# 900 किसान खाली हाथ वापस गए 215 किसानों को 2000 बोरी यूरिया



हरिभूमि न्यूज ⏭ खिरकिया

सोमवार देर रात से ही छीपाबड़ स्थित शासकीय गोदाम पर खाद और यूरिया के लिए एकत्रित होना शुरू हो गए। रात भर किसानों ने जागते हुए आंखों ही आंखों में रात काटी। जैसे ही मंगलवार सुबह हुई तो बड़ी संख्या में किसान यूरिया और डीएपी के इंतजार में परेशान होते नजर आए इस दौरान सुबह से ही हरदा खंडवा हाईवे को बंद करने का प्रयास किया गया। बड़ी संख्या में भीड़ लगने पर छीपाबड़ थाने के टीआई संतोष सिंह चौहान मौके पर पहुंचे और सड़क को शुरू करवाया इस दौरान बड़ी संख्या में वाहन जिसमें कई स्कूली वाहनों को भी निकाला गया। मध्य प्रदेश राज्य विपणन संघ के छीपाबड़ गोदाम से एकमात्र काउंटर से ही किसानों को खाद वितरण किया गया मात्र 215 किसानों को जैसे तैसे 2000 बोरी का वितरण किया गया, वहीं 900 से ज्यादा किसान सिर्फ टोकन लेकर ही रह गए। अब इन्हें आने वाले समय में खाद दिया जाएगा। वहीं तकरीबन 1000 किसान बिना टोकन के ही वापस लौट गए। सोमवार रात से लेकर मंगलवार दिन भर सरकारी गोदाम पर जमकर रस्साकशी चलती रही। किसान लगातार धक्के खाता रहा और उसे पैसे देने के बाद भी खाद यूरिया नहीं मिला। डीएपी तो एक भी किसान को एक भी बोरी नहीं मिल सका।

### हाईवे पर वितरण से बड़ी दुर्घटनाओं का खतरा

देर रात से ही बड़ी संख्या में किसान जब हाईवे पर स्थित गोदाम पर पहुंचे तो अफरा तरफी का माहौल हो गया। छीपाबड़ थाने टीआई संतोष सिंह चौहान इस दौरान वाहनों को निकलते नजर आए ताकि किसी भी स्थिति में कोई दुर्घटना ना हो पूरा प्रशासनिक अमला इस दौरान अलर्ट हो गया। किसानों का कहना था की काउंटरों की संख्या बढ़ाई जाना बेहद जरूरी है एक काउंटर के माध्यम से इतनी ज्यादा किसानों को यूरिया और डीएपी वितरण नहीं हो सकता। वहीं स्थानीय व्यापारियों को भी अभी तक यूरिया और डीएपी नहीं मिला है जिसके कारण बाजार में भी खाद उपलब्ध नहीं है किसानों को इससे भी ज्यादा परेशानी हो रही है। खाद व्यापारियों को भी यूरिया एवं डीएपी प्रशासन उपलब्ध कारण ताकि दुकानों के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा किसानों को कम समय में खाद वितरण हो सक। इस दौरान कांग्रेस नेता भूपेंद्र राजपूत भी मौके पर पहुंचे और उन्होंने प्रशासन से यह बात की। राजपूत का कहना था कि सभी किसानों को जल्द से जल्द खाद उपलब्ध किया जाए आसमान में बारिश हो रही है ऐसे में भूखे प्यासे किसानों को सबसे ज्यादा परेशान होना पड़ रहा है मौके पर किसानों के पीने के लिए पानी भी नहीं है वहीं हाईवे पर किसानों की लाइनें लगे होने के कारण आने जाने वाले वाहनों से दुर्घटनाओं का खतरा भी लगातार बना हुआ है।

**इनका कहना है...**

215 किसानों को 2000 बोरी यूरिया वितरित किया गया है। डीएपी का स्टाक नहीं है।

**सुमेर सिंह,** गोदाम प्रभारी, मध्य प्रदेश राज्य विपणन संघ , छीपाबड़

215 किसानों को यूरिया दिया गया। करीब 900 किसानों को टोकन दिया है उन्हें भी जल्द से जल्द यूरिया उपलब्ध कराया जाएगा।

**टीआर चौहान,** कृषि विस्तार अधिकारी खिरकिया

## अवैध गतिविधियों पर कार्रवाई की मांग

# अवैध शराब बिक्री से परेशान महिलाएं कलेक्टर ऑफिस पहुंची, कार्रवाई की मांग



**हरदा।** जिले के हंडिया थाना क्षेत्र के ग्राम बैडी की महिलाओं ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर गांव में अवैध शराब, गांजा और जुआ रोकने की मांग की। महिलाओं के अनुसार ग्राम बैडी में करीब दस लोग अवैध रूप से देशी और विदेशी शराब बेच रहे हैं। कुछ लोग सट्टा चला रहे हैं। तीन-चार परिवार गांजा बेचने का धंधा कर रहे हैं। इन गतिविधियों से गांव का माहौल बिगड़ गया है। महिलाओं ने बताया कि नशे में धुत लोग महिलाओं और बच्चों को परेशान करते हैं। घरों में रोजाना विवाद होते हैं। युवाओं में नशे की लत बढ़ रही है। शराब पीकर परिवार के सदस्य मारपीट करते हैं। महिलाओं का आरोप है कि पुलिस को शिकायत करने पर भी कोई कार्रवाई नहीं होती। पुलिस अवैध शराब बेचने वालों से पैसे लेकर लौट जाती है। सार्वजनिक हैंडपंप पर पानी भरने जाने के दौरान नशेड़ी महिलाओं से छेड़छाड़ करते हैं और अभद्र टिप्पणियां करते हैं। महिलाओं ने चेतावनी दी है कि अगर प्रशासन ने जल्द ठोस कार्रवाई नहीं की तो ग्रामीण आंदोलन करेंगे। उन्होंने इन अवैध गतिविधियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

### शराब के अवैध विक्रय के विरुद्ध 8 प्रकरण दर्ज


आबकारी विभाग के दल ने सोमवार को मदिरा के अवैध विनिर्माण, विक्रय, संग्रहण व परिवहन की रोकथाम हेतु छापामार कार्यवाही की। जिला आबकारी अधिकारी भोजने ने बताया कि आबकारी विभाग के दल ने हरदा के टंकी मोहल्ला, बैरागढ़, खेड़ीपुरा सहित अन्य स्थानों पर दबिश देकर कुल 51 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब एवं 590 किलोग्राम महुआ लाहन जप्त कर मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 के तहत 8 प्रकरण दर्ज किये। जप्त मुद्देमाल का अनुमानित बाजार मूल्य 69200 रूपये है।

## यात्रियों ने बांधकर खंडवा में जीआरपी को सौंपा

# महानगरी एक्सप्रेस में पकड़ा गया चोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ खंडवा



मुंबई से बनारस जा रही महानगरी एक्सप्रेस में चोरी करते हुए एक चोर को यात्रियों ने रंगेहाथ पकड़ा। घटना भुसावल के पास घटी, जहां चोर ने बोगी में घुसकर एक-दो बैग और पर्स चोरी किए। इसके बाद चोर ने चोरी का सामान अपने दो साथियों को दे दिया, जो मौके से फरार हो गए। यात्री अंकुश शुक्ला ने बताया कि चोर ने एसी-3 बोगी में बिना टिकट यात्रियों के बैग और पर्स चोरी किए। पकड़े जाने पर चोर ने खुद को पंडित बताने की कोशिश की, यह कहकर कि बोगी में कई पंडित मौजूद थे। वहीं यात्रियों ने बताया कि चोर मार खाने के दौरान बार-बार अल्लाह कह रहा था। यात्रियों ने चोर को करीब चार घंटे तक पकड़कर भुसावल से लगभग 150 किमी दूर खंडवा स्टेशन पर जीआरपी पुलिस के सुपुर्द कर दिया।

खंडवा निवासी जफर अंसारी ने बताया कि चोर ने उनकी पत्नी का पर्स चोरी किया, जिसमें नकदी, मोबाइल और दवाइयां थीं। बाद में चोर ने चोरी किया गया पर्स अपने साथी को सौंप दिया। चोर ने जीआरपी पुलिस को बताया कि उसका नाम अभिजीत लक्ष्मीकांत मिश्रा है और वह सुल्तानपुर का रहने वाला है। उसने दावा किया कि वह परिवार सहित सफर कर रहा था और चोरी से इनकार किया। पुलिस ने जफर अंसारी की शिकायत पर मामला दर्ज कर चोर को हिरासत में ले लिया है। आगे की जांच जारी है।

# बड़गांव भीला रोड पर गश्त के दौरान शराबी बदमाशों ने आरक्षक की वर्दी फाड़ी, चार युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ खंडवा



रविवार रात करीब तीन बजे बड़गांव भीला रोड पर गश्त के दौरान आरक्षक शिवकांत व राजेश पंवार को शराब के नशे में धुत चार युवकों से मारपीट और वर्दी फाड़ने का सामना करना पड़ा। आरक्षकों ने दोनों बाइक पर सवार चारों युवकों को रोककर उनका नाम-पता पूछना चाहा, लेकिन उन्होंने अपनी पहचान बताने से इनकार कर दिया। इस दौरान चारों युवकों ने आरक्षकों से अभद्रता करने लगे।

आरक्षक राजेश पंवार ने बताया कि दो युवकों ने उनकी वर्दी फाड़ दी और उन्हें मारने की कोशिश की, आरक्षक शिवकांत बीच-बचाव के लिए आगे आए, तो अन्य दो युवकों ने उनके साथ भी झूमाझटकी की। ड्यूटी पर तैनात अधिकारी रजनी रावत, मुक्केश्वर व चालक संजय मौके पर पहुंचे। गश्त अधिकारी ने तत्काल वायरलेस के माध्यम से उच्चाधिकारियों को सूचना दी। पंचान आमीर निवासी इमलीपुरा के साथ चारों को अपराध घटित करने से रोकते हुए अभिरक्षा में लिया गया। चारों युवकों ने अपना नाम-पता क्रमशः युवराज पुत्र नरेंद्र भालना निवासी आशोक नगर, विशाल पुत्र श्याम यादव निवासी दिनदयालपुरम कालोनी छिंदवाड़ा, अनंत पुत्र कृष्णकांत सोहानी निवासी विद्या नगर लालचौकी खंडवा व भरत पुत्र हीरा बेड़वाल निवासी चिड़िया मैदान खंडवा बताया। आरोपियों के खिलाफ गश्त ड्यूटी के दौरान शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने, गाली-गलौज करने, मारपीट एवं वर्दी फाड़ने सहित अन्य धाराओं में मोघट थाने में केस दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। सीएसपी खंडवा अभिनव बारंगे ने बताया कि पुलिस कार्य में बाधा डालने वाले चारों आरोपी पुलिस हिरासत में हैं और आगामी कानूनी कार्रवाई जारी है।

# गरीब व वंचित वर्ग का सहारा बनें पैरालीगल वॉलेंटियर्स न्याय सबके लिए संकल्प को करें मजबूत : रघुवंशी

**हरदा।** नवनियुक्त पैरालीगल वालेंटियर्स के प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम तीन दिवसों तक संचालित किया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अरविन्द रघुवंशी ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने नवनियुक्त पैरालीगल वॉलेंटियर्स को नालसा द्वारा संचालित की जा रही पैरालीगल वॉलेंटियर्स योजनाओं के बारे में बताया।



इस अवसर पर सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, चन्द्रशेखर राठौर ने समाज में पैरालीगल वॉलेंटियर्स की आवश्यकता तथा उनके द्वारा समाज निर्माण में किये जाने वाले महत्वपूर्ण योगदान पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय सुधीर कुमार चौधरी ने विवाह, बच्चों को गोद लेने संबंधी नियमों, तलाक संबंधी नियमों, तथा सम्पत्तियों की खरीदी तथा विक्रय संबंधी पहलुओं के बारे में पैरालीगल वॉलेंटियर्स को प्रशिक्षित किया गया ताकि वे इन सभी कानूनों के बारे में जानकारी प्राप्त करके समाज में पीड़ति लोगों की मदद कर सके तथा उनको विधिक सहायता उपलब्ध करा सके। प्रशिक्षण कार्यक्रम में तृतीय अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश निसार अहमद ने पैरालीगल वॉलेंटियर्स को बच्चों के लिंग निर्धारण, भ्रूण हत्या, दहेज प्रताड़ना, आदि से संबंधित विधिक प्रावधानों के बारे में जानकारी दी, जिससे कि वे समाज में चल रही कुप्रथाओं पर रोक लगाकर उन्हें उचित सलाह दे सके। द्वितीय अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश निमिष राजा ने आपराधिक कानूनों जैसे भारतीय दंड संहिता व सीआरपीसी अंतर्गत आने वाली कुछ महत्वपूर्ण धाराओं व जमानत व गिरफ्तारी संबंधी तथ्यों के बारे में पैरालीगल वॉलेंटियर्स को बताया, ताकि वॉलेंटियर्स इन धाराओं की जानकारी के माध्यम से पीड़ित लोगों की मदद करके उन्हें विधिक सहायता उपलब्ध करा सकें।

### अधिवक्ता संघ टिमरनी चुनाव में पाटिल सचिव पद पर निर्वाचित



**रहटगांव।** अधिवक्ता संघ टिमरनी चुनाव में अजय पाटिल सचिव पद पर, जय जगताप कोषाध्यक्ष, ज्योतिरादित्य उपाध्याय ग्रंथपाल पद, रुबीना खान महिला कार्यकारिणी सदस्य पद पर निर्विरोध निर्वाचित हुए। अधिवक्ता संघ टिमरनी सहायक निर्वाचन अधिकारी राहुल सोमवंशी ने बताया कि, अधिवक्ता संघ टिमरनी के वर्ष 2025-27 के निर्वाचन में निर्वाचन नामांकन फार्म पर दावा/आपत्ति प्रस्तुत किया जाना था। निर्धारित समयावधि में किसी भी नामांकन फार्म पर कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत नहीं हुई, जिसके चलते सचिव, कोषाध्यक्ष, ग्रंथपाल, और महिला कार्यकारिणी पदों पर एक एक नामांकन फार्म जमा होने पर उन्हें निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी संतोष राजपूत ने बताया कि नामांकन फार्म जमा होने की अंतिम तिथि तक सचिव, कोषाध्यक्ष और ग्रंथपाल पदों पर सिर्फ एक एक ही नामांकन पत्र दाखिल हुए थे। जिन्हें कि स्क्रूटनी में वैद्य पाया गया। इन नामांकन फार्मों पर कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत नहीं होने से इन पदों के उम्मीदवारों को निर्विरोध निर्वाचित किया गया। जिसमें सचिव पद पर अधिवक्ता अजय पाटिल, कोषाध्यक्ष पद पर अधिवक्ता जय जगताप, ग्रंथपाल पद पर अधिवक्ता ज्योतिरादित्य उपाध्याय, महिला आरक्षित कार्यकारिणी सदस्य पद पर रुबीना खान को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। शेष पदों पद पर एक से अधिक नामांकन फार्म जमा हुए है, दिनांक 18 सितम्बर को नामांकन फार्म वापसी होना है।

## बालिका अदिति ने गुलाब का फूल भेंट कर किया आभार व्यक्त

# जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी नागरिकों की विभिन्न समस्याएं

**खंडवा।** कलेक्टर ऋषव गुप्ता द्वारा प्रत्येक मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याएं सुनी गईं। इस दौरान विभिन्न मुद्दों पर नागरिकों ने अपनी समस्याएं रखते हुए आवश्यक कार्रवाई की मांग की। जनसुनवाई में माता चौक खण्डवा निवासी अदिति इंदौरे अपने भाई अंशु इंदौरे के साथ कलेक्टर से मुलाकात करने पहुंची और उन्हें गुलाब का फूल भेंट कर आभार प्रकट किया। अदिति ने बताया कि इटावा, उत्तर प्रदेश में आयोजित केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिता में ताइक्वांडो खेल में गोल्ड मेडल जीतकर आई है। उन्होंने बताया कि पिछले माह इसी प्रतियोगिता में जाने के लिए कलेक्टर से आर्थिक मदद मांगी थी, जिस पर कलेक्टर ने 10 हजार रुपए की सहायता प्रदान की थी। अदिति ने आगामी गुवाहाटी में आयोजित राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए भी आर्थिक मदद की मांग की, जिस पर कलेक्टर ने हर संभव मदद का आश्वासन दिया।



नहाल्दा पंचायत के ग्राम कोटवाड़ा निवासी त्रिलोकचंद ने आवेदन देकर सरपंच और सचिव पर विकास कार्यों में भ्रष्टाचार व सरकारी राशि के गबन का आरोप लगाया। कलेक्टर ने जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को मामले की विस्तृत जांच के निर्देश दिए। ग्राम हरबंसपुरा के ग्रामीणों ने खेत तालाब निर्माण व कूप निर्माण में भ्रष्टाचार की शिकायत की, जिस पर भी विस्तृत जांच के निर्देश दिए गए। अमन नगर खंडवा निवासी पार्वती बाई ने घर से पंखा चोरी होने पर एफआईआर न दर्ज किए जाने की शिकायत की। कलेक्टर ने पुलिस अधीक्षक को एफआईआर दर्ज कराने का निर्देश दिया। वहीं, खंडवा शहर के वार्ड क्रमांक 10 एवं 11 के निवासियों ने पेयजल व्यवस्था सुधारने की मांग की। इस पर कलेक्टर ने नगर निगम आयुक्त को आवश्यक निर्देश दिए।

## कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनी नागरिकों की समस्याएं

# शिकायत : ऋण की राशि काट ली, लेकिन ऋण खाते में जमा नहीं किए, कलेक्टर ने दिए जांच के निर्देश

**हरदा।** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में आए नागरिकों की समस्याएं सुनी और उपस्थित अधिकारियों को नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर पुरूषोत्तम कुमार, संयुक्त कलेक्टर सतीश राय एवं रजनी वर्मा, एसडीएम हरदा अशोक डहेरिया, एसडीएम खिरकिया शिवांगी बघेल, जिला पंचायत के प्रभारी सीईओ प्रवीण इवने सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे।

जनसुनवाई में ग्राम मुहालकला निवासी कमलाबाई पति रामाधार ने कलेक्टर को आवेदन देकर शासकीय रास्ते से अतिक्रमण हटाने की मांग की, जिस पर उन्होने तहसीलदार खिरकिया को रास्ते से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में ग्राम गोयत निवासी राधेश्याम ने कलेक्टर जैन को आवेदन देकर शासकीय पट्टा बनवाने की मांग की, जिस पर उन्होने जनपद पंचायत हरदा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में ग्राम मुहालकला निवासी निर्भयदास ने जल संसाधन विभाग द्वारा उसकी भूमि का मुआवजा नहीं देने के संबंध में शिकायत की, जिस पर उन्होंने कार्यपालन यंत्री जल संसाधन विभाग को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये।



जनसुनवाई में ग्राम हीरापुर के ग्रामीणों ने कलेक्टर को आवेदन देकर ग्राम हीरापुर की पहाड़ी पर अवैध उत्खनन के संबंध में शिकायत की, जिस पर उन्होने जिला खनिज अधिकारी को अवैध उत्खनन के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उड़ा निवासी संजय ने कलेक्टर को आवेदन देकर शिकायत की कि उनके द्वारा सेवा सहकारी समिति राजाबरारी को 40 क्विंटल चना बेचा गया था, चना विक्रय की राशि से ऋण की राशि काट ली गई है किन्तु उनके ऋण खाते में जमा नहीं की गई, जिसके कारण उसे ऋण की राशि नगद जमा करनी पड़ी। इस पर कलेक्टर जैन ने जिला सहकारी बैंक के नोडल अधिकारी को मामले की जांच कर आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में ग्राम सोनखेड़ी निवासी गायत्रीबाई ने कलेक्टर जैन को आवेदन देकर वृद्धावस्था पेंशन चालू कराने की मांग की, जिस पर उन्होने उप संचालक सामाजिक न्याय विभाग को पात्रतानुसार आवेदिका की वृद्धावस्था पेंशन चालू कराने के निर्देश दिये।